जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2021/1385 दिनांक : 12.10.2021

// संशोधित-अधिसूचना // (अंतिम अवसर)

स्थायी समिति की बैठक दिनांक 15 सितम्बर, 2021 के बिन्दु क्रमांक 03 पर लिए गए निर्णयानुसार स्नातक सामान्य पाठ्यक्रम द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर जून, 2021 की परीक्षा अंतिम अवसर देते हुए करा ली जावे। इसके पश्चात् कोई भी छात्र यदि डिग्री पूर्ण नहीं कर पाता है तो, उक्त छात्र वार्षिक पद्धति से पूरे विषय के साथ स्वाध्यायी छात्र के रूप में आगामी परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।

तदानुसार सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातक - बी.ए./बी.कॉम. एवं बी.एससी. एवं बी.एस.सी. (होम साइंस) द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम् सेमेस्टर ए.टी.के.टी. परीक्षा जून, 2021 (महाविद्यालयीन - संस्थागत एवं असंस्थागत (PRIVATE) - ए.टी.के.टी. छात्र-एकल प्रश्न-पत्र प्रणाली)** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये **(अंतिम अवसर प्रदान किए जाने हेतु)** परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की संशोधित तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:-

विवरण	परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण				
	तिथि एवं शुल्क विवरण	बी.ए.	बी.कॉम.	बी.एससी.	बी.एस.सी. (होम साइंस)
परीक्षा आवेदन-पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	तिथि	21.10.2021	21.10.2021	21.10.2021	21.10.2021
	संस्थागत एवं असंस्थागत - ए.टी.के.टी. छात्र का परीक्षा शुल्क	460/- (प्रति विषय)	460/- (प्रति विषय)	460/- (प्रति विषय)	460/- (प्रति विषय)
परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	22.10.2021				

महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के लिए :-

उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित/असंस्थागत परीक्षार्थी 60/- रू. नियमित/असंस्थागत भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 80/- रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/- रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/- रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। जिसमें से नियमित/असंस्थागत परीक्षार्थी 145/- रू. तथा नियमित/असंस्थागत भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी 165/- रू. की राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा शेष अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 215/- रू. प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।

परीक्षा के आवेदन-पत्र ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें डाउनलोड कर परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकता हैं।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विष्वविद्यालय, ग्वालियर

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)